संख्या–cm-271
22/05/2020

मुख्यमंत्री राहत कोष न्यासी पर्षद की बैठक संपन्न

पटना 22 मई 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में 1 अणे मार्ग स्थित नेक संवाद में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत कोष न्यासी पर्षद की 20वीं बैठक सम्पन्न हुयी। मुख्यमंत्री राहत कोष न्यासी पर्षद की बैठक में मुख्यमंत्री राहत कोष से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी एवं चर्चा के क्रम में मुख्यमंत्री द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार ने 19वीं बैठक की हुई कार्यवाही का अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि हर बिंदु पर कार्यवाही पूर्ण की गई है। मुख्यमंत्री राहत कोष की लेखा में प्राप्त राशि, वितरित राशि एवं शेष जमा राशि का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यावली संख्या 1 से 24 तक के सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में जानकारी दी गयी कि 10 बाढ़ प्रभावित जिलों में 100 बाढ़ आश्रय स्थल के निर्माण के लिये कार्य किया जा रहा है। कालाजार रोग से पूर्ण मुक्ति के लिये प्रत्येक कालाजार रोगियों को 6600 रूपये की मदद दी जा रही है। मुक्त हुये प्रत्येक बाल श्रमिकों को आवासन के लिये 25 हजार रूपये की मदद दी जा रही है। कोरोना वायरस से मृत्यु होने पर मृतक के आश्रितों को 4 लाख रूपये की राशि की मदद दी जा रही है। बैठक में यह भी जानकारी दी गयी कि कोरोना वायरस के फलस्वरुप लॉकडाउन की स्थिति में अन्य राज्यों में फंसे बिहार के लोगों को मुख्यमंत्री राहत कोष से स्वीकृत राशि मुख्यमंत्री विशेष सहायता के रुप में 20 लाख 28 हजार लोगों के खाते में 1000 रुपए की राशि भेज दी गई है। बैठक में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये किये जा रहे कार्यों हेतु आपदा प्रबंधन विभाग को मुख्यमंत्री राहत कोष से 50 करोड़ रूपये की अतिरिक्त राशि और देने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री राहत कोष से दी जा चुकी अनुग्रह अनुदान की राशि की घटनोतर स्वीकृति न्यासी पर्षद द्वारा प्रदान की गयी। मुख्यमंत्री राहत कोष से संबंधित अन्य बिन्दुओं पर भी विस्तृत समीक्षा की गयी।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न बैठक में आपदा प्रबंधन मंत्री श्री लक्ष्मेश्वर राय, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पांडेय, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, अपर मुख्य सचिव शिक्षा श्री आर0के0 महाजन, प्रधान सचिव कैबिनेट श्री दीपक प्रसाद, प्रधान सचिव वित्त श्री एस0 सिद्धार्थ, प्रधान सचिव आपदा श्री प्रत्यय अमृत, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री उदय सिंह कुमावत एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

****